संख्या /उन्तीस(2)/2025–ई–18605–2(201पे0)/2018

प्रेषक,

अपूर्वा पाण्डेय,
अपर सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

निदेशक,
स्वजल निदेशालय,
देहरादून।

पेयजल एवं स्वच्छता अनुभाग–2 देहरादून : दिनांक नवम्बर, 2025

विषयः– स्वजल निदेशालय के अन्तर्गत कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों के वेतन–भत्तों, अधिष्ठापन एवं प्रशासनिक व्यय हेतु वित्तीय स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या–I/224893/2025/E-26(V)/2025 दिनांक 12 नवम्बर, 2025 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वित्तीय वर्ष 2025–26 में स्वजल निदेशालय के अन्तर्गत कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों के वेतन–भत्तों, अधिष्ठापन एवं प्रशासनिक व्यय हेतु ₹ 1000.00 लाख (₹ दस करोड़ मात्र) की धनराशि निम्नलिखित शर्तों/प्रतिबन्धों के अधीन व्यय हेतु आपके निवर्तन पर रखे जाने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैंः–

(i) स्वीकृत की जा रही धनराशि निदेशक, पी0एम0यू0 स्वजल परियोजना, उत्तराखण्ड देहरादून के हस्ताक्षर युक्त तथा जिलाधिकारी देहरादून के प्रतिहस्ताक्षरित बिल देहरादून कोषागार में प्रस्तुत करके इसी वित्तीय वर्ष में आहरित की जायेगी। आहरण से सम्बन्धित बिल बाउचर संख्या एवं दिनांक की सूचना शासन एवं महालेखाकार को आहरण के तुरन्त बाद उपलब्ध करायी जायेगी।

(ii) अवमुक्त की जा रही धनराशि का उपयोग स्वजल निदेशालय में सृजित पदों के निरंतरता विस्तारित होने के पश्चात वास्तविकता के आधार पर उसी उद्देश्य हेतु नियामानुसार किया जायेगा, जिस हेतु धनराशि अवमुक्त की जा रही है।

(iii) स्वीकृत की जा रही धनराशि का दिनांक 31.03.2026 तक पूर्ण उपयोग करके इसकी वित्तीय/भौतिक प्रगति एवं उपयोगिता प्रमाण–पत्र शासन को प्रस्तुत किया जायेगा।

2– चालू वित्तीय वर्ष 2025–26 में अनुदान संख्या–13 के लेखाशीर्षक–2215–जलपूर्ति तथा सफाई–01–जलपूर्ति–190–सार्वजनिक क्षेत्र के तथा अन्य उपक्रमों को सहायता–06–स्वजल निदेशालय एवं एस0डब्ल्यू0एस0एम0–00–56–सहायक अनुदान (सामान्य गैर वेतन) के नामें डाला जायेगा।

3– धनराशि आहरण वितरण अधिकारी को संलग्न कम्प्यूटर आवंटन आई0डी0 से आवंटित की जा रही है। धनराशि का उपयोग हेतु शासनादेश संख्या–I/287566/E-

79713/09(150)2019/ XXVII(1)/2025 दिनांक 31.03.2025 के द्वारा निर्गत दिशा–निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

4– यह आदेश वित्त विभाग के शासनादेश संख्या–I/287566/E-79713/09(150)2019/ XXVII(1)/2025 दिनांक 31.03.2025 में दिये गये दिशा–निर्देशों के अनुपालन में जारी किये जा रहे हैं।

संलग्नक–यथोक्त

भवदीया

Digitally signed by
Apurva Pandey
Date: 16-11-2025
22:13:09

(अपूर्वा पाण्डेय)
अपर सचिव।

पृ0सं0 /2025–2(201पे0)/2018 तद्दिनांकित

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. महालेखाकार, उत्तराखण्ड, देहरादून।
2. जिलाधिकारी, देहरादून।
3. वरिष्ठ कोषाधिकारी/कोषाधिकारी, देहरादून।
4. प्रबन्ध निदेशक, उत्तराखण्ड पेयजल निगम, देहरादून।
5. बजट निदेशालय, देहरादून।
6. वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग–02, उत्तराखण्ड शासन।
7. निदेशक, एन0आई0सी0, देहरादून।
8. मीडिया सेन्टर, सचिवालय परिसर देहरादून।
9. गार्ड फाईल।

आज्ञा से,
Digitally signed by
Dhruv Singh Rana
Date: 17-11-2025
10:59:52

(डी0एम0एस0राणा)
संयुक्त सचिव।